## खबर संक्षेप

### ई-फाइलिंग 3.0 साफ्टवेयर का उपयोग अनिवार्य

**सतना।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा मध्यप्रदेश शासन से संबंधित समस्त न्यायालीन प्रकरणों की ई-फाइलिंग के लिए ई-फाइलिंग 3.0 साफ्टवेयर का उपयोग अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा है कि न्यायालीन प्रकरण में जबावदावा दायर करने के लिए ई-फाइलिंग 3.0 साफ्टवेयर का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाये। ई-फाइलिंग में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के मिस्ट काल सुविधा नंबर 9606151400 एवं उच्च न्यायालय के हेल्पडेस्क पर ई-मेल का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

### मैहर जिले के अधिकारियों को आरटीआई का दिया गया प्रशिक्षण

**सतना।** आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधन अकादमी भोपाल के निर्देशानुसार बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मैहर जिले के अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 का दो दिवसीय प्रशिक्षण के क्रम में प्रथम चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले के सभी विभागों के लोक सूचना अधिकारी,प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अशिमा पटेल,जिला अभियोजन अधिकारी गणेश पाण्डेय, सीईओ जनपद मैहर प्रति पाल बागरी, सहायक प्राध्यापक विवेकानंद कालेज हेमंत कुमार ने विभिन्न सत्रों में सूचना के अधिकार अधिनियम की जानकारी का प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का अगला चरण 2 अप्रैल को होगा।

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**सतना।** अनुसूचित जाति,जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 27 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 संशोधित 2016 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि, विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि,अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में,विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई

**कटनी।** बिजली का बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग अब कुर्की की कार्यवाही कर रहा है। गत दिवस बकाया राशि की वसूली हेतु विशेष टीम के द्वारा बचेया वितरण केंद्र के ग्राम उदयपुरा एवं सोमाकुर्द में बड़े बकायेदार के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की गई 1 जिसमें ग्राम उदयपुरा के याकूब खान के कृषि पंप कनेक्शन पर बकाया राशि 23190 रुपए होने पर उनका दो पहिया वाहन टीवीएस स्पोर्ट्स MP 21ZA7698 बाइक जप्त किया गया। आगे की कार्यवाही कंपनी के नियमानुसार की जावेगी जिसमें तीन दिवस के अंदर बकाया राशि जमा नहीं होने पर बाइक की नीलामी की जावेगी । इसी प्रकार सोमा खुर्द के बकायदार उपभोक्ताओं के द्वारा एक दिवस का समय मांगा गया । उपभोक्ता की बकाया राशि जमा नहीं होती है तो उनकी कुर्की की कार्यवाही की जावेगी । कुर्की कार्यवाही में उपसंभाग की टीम एवं वितरण केंद्र की टीम सामूहिक रूप से कार्य कर रहे थे।

### कांग्रेस तीन साल से जमे ब्लॉक अध्यक्षों को हटाएगी, भाजपा को बताया चुनाव माफिया

# सतना में कांग्रेस कर सकती है सर्जरी, पटवारी बोले-परिवर्तन की जरूरत

**सतना।** सतना में कांग्रेस पार्टी संगठन में सर्जरी कर सकती है। इस तरह के संकेत बुधवार को कांग्रेस के सम्मेलन में देखने को मिले।कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन में बदलाव करने कहा। सतना में जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीधा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने पीछे की बातों को भूल जाने के लिए कहा। और यह भी कहा कि प्याज के छिलके निकालने से कुछ नहीं होगा। अब संगठन में परिवर्तन की जरूरत है। तेरा-मेरा मत देखना। ईमानदार और हक वाले को पद देना है। अभी कोई चुनाव नहीं है, यह संगठन की बात है।





#### 3 साल से जमे ब्लॉक अध्यक्ष हटाए जाएंगे

प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने संगठन में बदलाव का ऐलान करते हुए कहा कि तीन साल से जमे ब्लॉक अध्यक्षों को बदला जाएगा और अच्छा काम करने वालों को ऊपर लाया जाएगा। आज एक साथ चलने की जरूरत है। इस सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने और संगठन को नई दिशा देने का प्रयास साफ नजर आया। विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को गांव-गांव जाकर समन्वय के साथ काम करने की सलाह दी।

#### भाजपा अब चुनाव माफिया

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा आज सब अपने लोगों के नारे लगा रहे हैं,लेकिन सैकड़ों साल पुरानी कब्र खोदी जा रही है। भाजपा की तरह सोने की ईंटें निकल रही हैं। मोहन यादव को माफियाओं ने जकड़ लिया है। भारतीय जनता पार्टी अब चुनाव माफिया बन गई है। कार्यक्रम में एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,अमरपाटन विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह,विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### मप्र के सभी मंत्री सलाखों के पीछे होंगे

मध्यप्रदेश के मंत्रियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा मध्यप्रदेश के मंत्रियों के घर छापे क्यों नहीं पड़ते? 500 करोड़ की संपत्ति मिलने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। पटवारी ने दावा किया, आज अगर जांच हो जाए तो मध्यप्रदेश का एक भी मंत्री सड़कों पर नहीं दिखेगा,सब सलाखों के पीछे होंगे। उनके इस बयान से कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। भाजपा सिर्फ विपक्ष को निशाना बनाती है छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर चल रही सीबीआई रेड को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा सरकार के शासन में 4000 से ज्यादा छापे पड़े हैं,लेकिन सिर्फ 2 लोगों को सजा हुई है। भाजपा के लोगों पर छापे नहीं पड़ते,सिर्फ विपक्ष को निशाना बनाया जाता है।

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नागौद सिंहपुर चौराहे में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,पीसीसी चीफ जीतू पटवारी,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया,सह प्रभारी रण विजय सिंह,सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू भैया का ढोल नगाड़ों,अजगर माला,पटाका,फूलझड़ी से नगर परिषद पार्षद वरिष्ट कांग्रेस नेता नागेश मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। जिला महामंत्री एडवोकेट मुखतार अहमद



सिद्दीकी,डॉक्टर यज्ञ दत्त त्रिपाठी,राहुल सोनी पार्षद,डॉक्टर ध्रुव व्यास,बाबूलाल चूहेटेल,शालू के अलावा बड़ी संख्या मैं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## तुलावटी संघ के अध्यक्ष के साथ मारपीट, विरोध में ठप रहा मंडी का कामकाज

#### तुलावटी और हम्माल काम पर नहीं आए

**सतना।** कृषि उपज मंडी में तुलावटी संघ के अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट के विरोध में बुधवार को पूरा कामकाज ठप हो गया। तुलावटी और हम्माल काम पर नहीं आए।मंगलवार को एक व्यापारी और उसके साथियों ने तुलावटी संघ के अध्यक्ष शरद परौहा के साथ मारपीट की थी। इसके बाद पीड़ित ने कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। परौहा का कहना है कि मंडी प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल है। विवाद तौल कांटों को लेकर हुआ था। मंडी समिति ने तुलावटियों को आधिकारिक तौल कांटे दिए हैं। ज्यादातर व्यापारी इन्हीं कांटों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आनंद ट्रेडिंग नाम की फर्म अपने खुद के तौल कांटे का उपयोग करती है।

#### 200-250 ग्राम का अंतर

किसानों का आरोप है कि इस फर्म के तौल कांटे में हर बार 200-250 ग्राम अधिक माल लिया जाता है। इससे उन्हें नुकसान हो रहा है। किसानों का यह भी आरोप है कि मंडी के अधिकारी और कर्मचारी व्यापारी से मिले हुए हैं। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। मंडी सचिव ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंडी में व्यापारियों द्वारा नीलामी के दौरान किसानों की उपज का कम भाव लगाने की शिकायतें भी आ चुकी हैं।

## शॉर्ट सर्किट से खेत में खड़ी फसल जलकर हुई खाक

**10 एकड़ गेहूं की फसल जली, ग्रामीणों ने घड़े के पानी से आग बुझाने की कोशिश**

सतना

रामपुर बाघेलान क्षेत्र के असरार गांव में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से किसान की 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान राम बहोर सिंह के खेत से गुजर रही बिजली की तार में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे चिंगारी निकली जो देखते ही देखते आग का गोला बन गई। डिब्बे और घड़े के पानी से आग बुझाने की कोशिश की हवा के कारण आग तेजी से फैली। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए आगे आए। वे डिब्बे और घड़े लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। रामपुर बाघेलान नगर परिषद की दमकल टीम को सूचना दी गई। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही है। गर्मी के मौसम में शॉर्ट सर्किट से फसलों को होने वाले नुकसान की यह पहली घटना सामने आई है।



### जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में आधार अपग्रेडेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। वीसी के माध्यम से भोपाल से जुडे अधिकारियों ने बताया कि आधार कार्ड बनाने नये जिलों को 2-2 आधार मशीनें राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से दी गई हैं। वहीं बैंकों के पास 26 मोबाइल यूनिट भी उपलब्ध है। जिले में कैम्प आयोजित कर आधार मशीनों के उपयोग का मोबेलाइजेशन कराया जा सकता है। कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि मशीनों के अपडेशन की ट्रेनिंग संबंधितों को अतिशीघ्र आयोजित की जाये।

**समय-सीमा प्रकरणों की बैठक**

## जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना सहित आवश्यक तैयारी करें: कलेक्टर

सतना।

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि राज्य शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक राज्य व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर और अनुविभाग स्तर की समितियां संबंधित विभागों की भागीदारी से गठित कर लें।

इसी प्रकार 30 मार्च को अभियान के शुभारंभ के पहले कार्य योजना तैयार कर सभी आवश्यक तैयारी रखे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सभाकक्ष मैहर में बुधवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,एसडीएम विकास सिंह,डॉ.आरती सिंह,जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी,कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत,प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे,सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी,ओपी अस्थाना,एमएल प्रजापति,सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मैहर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा में मैहर, अमरपाटन और रामनगर के चयनित ग्रामों में लगाये गये शिविरों में लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि इन गांवों में शिविर लगाने के बाद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।



सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मार्च माह के अंत तक विकास कार्यों तथा हितग्राहियों को लाभांवित करने के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति कराये। लंबित कार्यों के लिए कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर मैहर ने आईटीआई प्राचार्य को इन ग्रामों में शिविरों में जाकर युवाओं के कौशल उन्नयन करने के निर्देश दिये थे। मैहर आईटीआई के प्राचार्य के मात्र एक शिविर में ही उपस्थित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बुधवार को चंद्राश्रय वृद्धाश्रम नीमी और सोनौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूंछी तथा वृद्धाश्रम में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने सोनौरा के नव निर्मित वृद्धाश्रम के 8 कमरों



में दरवाजा तथा कुछ स्थानों पर पंखा नहीं होने पर कार्यपालन यंत्री पीआईयू को दरवाजा और पंखा लगाने के निर्देश दिये। यहां वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बिजली की समस्या बनी रहती है। जिससे पेयजल की उपलब्धता में परेशानी होती है इसलिए वृद्धाश्रम परिसर में एक हैण्डपम्प लगवाया जाये। कलेक्टर ने ईईपीएचई को हैण्डपम्प लगाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था देखने बैंकों में पहुंची पुलिस की टीम

**सतना।** मझगवां थाना प्रभारी आदित्यनारायण धुर्वे ने बुधवार को क्षेत्र के सभी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मुआयना किया। साथ ही सराफा दुकानों के संचालकों से मुलाकात कर उनको नकली सामानों और चोरी के सामानों को न खरीदने के लिये अलर्ट किया। सराफा बाजार में सुरक्षा के लिये लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के बारे में भी थाना प्रभारी ने जानकारी ली।मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने बताया कि बैंकों में सुरक्षा गार्ड,अलार्म,सीसीटीवी कैमरा के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने यह पूछा कि सीसीटीवी कैमरे कहां तक कव्हर करते हैं। बैंक के अंदर तथा बाहर भीड़भाड़ के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने बैंक मैनेजर से यह पूछा कि क्या अवांछित तत्वों के बारे में आपका सुरक्षा स्टॉफ जांच पड़ताल करता है।पुलिस ने भी इस बात की



बारीकी से जांच की। सराफा बाजार में सी सी टीवी कैमरों के बारे में जानकारी लेने के साथ सराफा व्यवसायियों को आगाह किया कि नकली सोने-चांदी के सिक्के व जेवर बेचने वाले गिरोह सक्रिय हैं। बिना परीक्षण के कोई भी सामान न खरीदे। चोरी के सामानों को न तो खरीदें और न ही गिरवी रखें।मझगवां थाना प्रभारी निरी.आदित्य नारायण सिंह धुर्वे द्वारा साप्ताहिक बाजार के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा हेतु थाना स्टाफ के साथ मझगवां में स्थापित भारतीय स्टेट बैंक,मध्यांचल ग्रामीण बैंक,इण्डियन बैंक शाखा मझगवां को चेक कराया जाकर सराफा बाजार,बस स्टैंड मझगवां एवं भीड़ वाले क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाकर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई।

## मनटोलवा में मासूम छात्रों का जीवन में खतरा

मैहर

मनटोलवा प्राथमिक शाला भवन गिरने की स्थिति में है जिससे मासूम छात्रों व शिक्षकों का जीवन खतरे में बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने विद्यालय का निरक्षण किया और शिक्षकों से बात की और जारी बयान में कहा कि मां सरस्वती के मंदिर विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति मध्य प्रदेश के सरकारी सिस्टम की शिक्षा के क्षेत्र में उदासीनता को प्रदर्शित करता है। बीते दिनों ग्राम करैया बिजुरिया में प्राथमिक शाला की छत गिरने से एक शिक्षिका घायल हो गई थी ब्लॉक शिक्षा,जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर कलेक्टर तक प्रशासनिक सिस्टम को इस गंभीर विषय को संज्ञान लेकर संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय भवनों की जांच मरम्मत करना चाहिए। इस क्षेत्र में ब्लास्टिंग से विद्यालय को जर्जर करने वाले ठेकेदार से आगामी सत्र



शुरू होने से पहले नया विद्यालय भवन भी बनवाया जाना चाहिए और जैसा की विद्यालय शिक्षकों ने बताया कि ब्लास्टिंग की वजह से पेपर दे रहे छात्रों की नोट पैड उनके हाथ से छूटकर ऊपर चली गई यह ब्लास्टिंग से उपजे गंभीर जान माल के खतरे को इंगित करता है जिसको खनिज अधिकारियों को गंभीरता से लेकर नहर बनाने वाली कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए।

### पोषण भी शिक्षा भी अभियान के तहत परियोजना स्तर पर प्रशिक्षण जारी

**सतना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में पोषण भी शिक्षा भी अभियान के तहत विभागीय अमले को परियोजना स्तरीय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। बुधवार को उचेहरा के तन मन पैलेस में आयोजित प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सौरभ सिंह शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक जानकारी देते हुए गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने की समझाइश दी।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सतना के होटल यूएसए इन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें सतना के सभी डीलरों को उनके परिवारों के साथ आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई,जिसमें प्रिज्म सीमेंट के रीजनल सेल्स हेड रियाज अहमद सर,जोनल टेक्निकल हेड अक्षुण्ण राज सर,जोनल अकाउंट हेड विनीत श्रीवास्तव सर,ब्रांच मैनेजर सदाब्रज सिंह सर,ब्रांच तकनीकी मैनेजर लोकेश गुप्ता सर,रीजनल कोच अनिल पटेल सर,सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया,प्रिज्म सीमेंट सतना मार्केटिंग के सभी अधिकारी एवं सभी डीलर बंधु सपरिवार उपस्थित थे। यह महत्वपूर्ण पल सभी परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण और उत्साहवर्धक अनुभव था। अध्यक्षीय संबोधन में रीजनल सेल्स हेड रियाज अहमद सर ने प्रिज्म जॉनसन ग्रुप और कंपनी की नीतियों के बारे में जानकारी दी,और सभी डीलरों को संबोधित करते हुए उनके निरंतर समर्थन और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। सम्मान और मनोरंजन कार्यक्रम के




दौरान,पिछले वर्ष की कड़ी मेहनत के लिए डीलरों का सम्मान किया गया। साथ ही,संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिससे सभी उपस्थित लोग आनंदित हुए और अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के अंत में ब्रांच मैनेजर सदाब्रज सिंह सर ने आए हुऐ सभी सपरिवार डीलर भाई बंधुओ का धन्यवाद ज्ञापित किया। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं का राजा दहार में हुआ भव्य स्वागत




**पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चैधरी आज से अपने तीन दिवसीय दौरे पर हैं। खजुराहो से सतना जाते वक्त श्री चैधरी व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कुलदीप सिंह डिघौरा के नेतृत्व में गुनौर विधानसभा के राजा दहार में पन्ना सतना मार्ग एनएच 39 के किनारे भव्य स्वागत किया, तत्पश्चात दोनों नेताओं ने पास में ही स्थित मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर भी किए। उपस्थित कांग्रेस जनों ने नारेबाजी करते हुए फूल मालाओं से दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल, जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव डॉ. सरफराज फारूकी, गुनौर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण गौतम, युवक कांग्रेस गुनौर विधानसभा अध्यक्ष विक्रम सिंह, गुनौर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, सेवादल गुनौर अध्यक्ष धर्मराज कश्यप, ब्रजेश पांडे, रूपनारायण द्विवेदी धीरेन्द्र सिंह परमार, सुमंत पांडे, प्रमोद सिंह, भगवत सिंह, जीतेंद्र सिंह, देवू चैबे, रामस्वरूप पटेल, हुकुम लाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को बधाई



**सलेहा।** नवोदय विद्यालय में क्षेत्र के कई मेधावी विद्यार्थियों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस सफलता में श्रेया वर्मा, माही मिश्रा, आदर्श कुशवाहा और अंश कोरी जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रेया वर्मा पिता श्री राम वर्मा एवं माता गुड्डी वर्मा की पुत्री हैं। श्रेया का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पटना तमोली के व्यवस्थापक श्री ओम सोनी और विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी है। माही मिश्रा, पिता स्व. रामकुमार मिश्रा और माता ज्योति मिश्रा की पुत्री हैं। उनका चयन भी नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि पर ए आर एम हायर सेकंडरी स्कूल, नयागांव के संचालक मनोज विश्वकर्मा एवं विद्यालय परिवार ने माही को शुभकामनाएं दीं। आदर्श कुशवाहा, पिता संत कुमार और माता अनुसुईया के सुपुत्र हैं, जो लिटिल किंगडम हाई स्कूल, सलेहा के छात्र हैं। इनके साथ ही अंश कोरी, पिता शंकरदीन और माता राजकुमारी के पुत्र हैं, जिनका नवोदय विद्यालय में चयन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। क्षेत्र के नागरिकों और विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक चालक हुआ गंभीर



**अमानगंज-** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझौली निवासी नरेश आदिवासी पिता सुंदर आदिवासी उम्र 35 वर्ष निवासी मझौली ने आज पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मैं गत 12 मार्च को अपने भतीजे पुरुषोत्तम आदिवासी के साथ अमानगंज से बाजार करके घर की ओर वापस जा रहा था जैसे ही घटिया पर चढ़ा तो उसी वक्त तेज रफ्तार में सामने से आ रही पिकअप चालक शारदा यादव निवासी पिपरवाह ने इसे टक्कर मारी जिससे यह और इसका भतीजा दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद कटनी रेफर कर दिया गया घटना में इसका दाहिना पैर पूरी तरह से टूटा था और घटना के तकरीबन 14 दिन बाद मामला दर्ज कराया। फरियादी की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

### 6 अप्रैल को रामनवमी पर मनाया जाएगा प्राकट्य पर्व

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी रामनवमी पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन किया जाएगा। रविवार, 6 अप्रैल को श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सागर के करोड़ी प्रजापति एवं साथी कलाकार बुन्देली लोक गायन, भोपाल की वैशाली गुप्ता एवं साथियों द्वारा राम शक्ति की पूजा तथा मुम्बई के संजय शुक्ला एवं साथी कलाकारों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा प्रदेश प्रभारी हरीश चैधरी का पन्ना जिले में

# जगह-जगह किया गया जोरदार स्वागत

**जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे शामिल**

पन्ना सतना कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जुझारू अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा मध्य प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव हरीश चैधरी खजुराहो से चलकर पन्ना जिले की सीमा में पहुंचे जहां पर मंडला में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा उनके स्वागत में आतिशबाजी की गई





**पन्ना।**

नेताओं की अगवानी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीतसिंह भैया राजा की उपस्थिति में अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी पन्ना जिला मुख्यालय पहुंचे जहां पर उनका स्वागत मोहन निवास चैराहा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया तत्पश्चात बींददहमतंरं पेट्रोल पंप के पास ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता अंकित शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला मार्तंड देव बुंदेला एवं अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार ढंग से स्वागत किया गया इसके पश्चात डायमंड चैराहा पर पार्षद रेहान मोहम्मद के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान जेसीबी मशीन के माध्यम से पुष्प वर्ष की गई तथा आतिशबाजीबैंड बाजा के साथ स्वागत किया गया तत्पश्चा टी सत्यम पैलेस होटल के सामने सौरभ पटेरिया के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद उक्त काफिला देवेंद्र नगर के लिए रवाना हो गया। तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रभारी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्माण कराया जा रहे कांग्रेस कार्यालय भवन का निरीक्षण किया इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पन्ना जिले के सह प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा भूपेंद्र राहुल राजेश तिवारी मनीष मिश्रा अनीश खान दीपक तिवारी भूपेंद्र सिंह परमार श्रीमती आस्था तिवारी रहीम खातून श्रीमती चांदनी जाटव कमल सिंह राजपूत राजा बाबू पटेल नरेंद्र विश्वकर्मा सत्यम पांडे आंका रिछारिया धूराम चैधरी प्रभु पटेल कुलदीप तिवारी गुड्डा राजा बृजेंद्र सिंह लखन केवट कृष्ण अग्रवाल पुरुषोत्तम जड़िया सरदार सिंह यादव अनुज श्रीवास आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।




## कलेक्टर ने ओलम्पियाड प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों सहित शिक्षक एवं अभिभावकों का किया सम्मान

**पन्ना।**




राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार गत मंगलवार को जिला शिक्षा केन्द्र पन्ना द्वारा ओलम्पियाड परीक्षा 2024-25 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विषयवार एवं कक्षावार प्रथम स्थान पर चयनित कक्षा 2 से 8वीं के 32 विद्यार्थियों का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। प्रतियोगिता कक्षा 2 एवं 3 के लिए हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित, कक्षा 4 एवं 5 के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण तथा कक्षा 6 से 8 के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों में आयोजित की गई थी। जिला कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक व शिक्षकों का गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। प्रत्येक छात्र-छात्रा को एक ट्रैक सूट, कैप, बैग, पानी की बॉटल, टिफिन, जोमेट्री बॉक्स, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरण कर बधाई दी। छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सदैव बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला परियोजना समन्वयक अजय कुमार गुप्ता द्वारा भी चयनित छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बधाई दी गई। साथ ही भविष्य में और अधिक परिश्रम के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

## सांसद वी.डी. शर्मा के निरंतर अथक प्रयासों से पन्ना से मड़ला एलिवेटिड रोड का सपना जल्द होगा साकार


**सड़क निर्माण कार्य को वार्षिक योजना 2025-26 में शामिल किया जाएगा**

**पन्ना।**



खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने मंगलवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पन्ना-मड़ला 21 किलोमीटर एलिवेटेड रोड निर्माण के संबंध में पुनः भेंट की। इस संबंध में सांसद द्वारा गत 24 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री को पत्र के माध्यम से एलिवेटेड रोड निर्माण के बारे में अवगत कराया गया था। यह रोड एनएच 39 बमीठा-सतना खंड का हिस्सा है और इसके डीपीआर का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में वन विभाग के परामर्श से संरेखण कार्य निश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस कार्य को वार्षिक योजना 2025-26 में भी शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। अब पन्ना से मड़ला एलिवेटिड रोड का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में यह दूसरा एलिवेटिड रोड बनने जा रहा है, जो क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। इस मार्ग के बन जाने से पन्ना-टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों का स्वच्छंद विचरण भी होता रहेगा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्बाध आवागमन भी होगा। वर्तमान में पन्ना से मड़ला रोड की मड़ला घाटी में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है तथा पन्ना टाईगर रिजर्व का कोर एरिया होने के कारण वन्य प्राणियों के स्वच्छंद विचरण में भी बाधा उत्पन्न होती थी। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहनों में यात्रा करने वाले लोगों को वन्य प्राणियों से खतरा भी बना रहता है। केन्द्रीय परिवहन मंत्री के द्वारा प्रदत्त इस महत्वाकांक्षी सौगात के लिए सांसद वी.डी. शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री शर्मा ने क्षेत्र की अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया है, जिसके तहत कालिंजर-अजयगढ-पन्ना-अमानगंज-सिमरिया-हटा एवं दमोह-जबेरा-जबलपुर 279 कि.मी. राजकीय राजमार्ग क्र. 55 को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने की मांग की गई है। मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 15 सितम्बर 2017 के द्वारा इस राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन होकर निर्मित हो जाने से अमानगंज स्थित जे.के. सीमेन्ट प्लांट के बडे. वाहनों का निर्बाध आवागमन भी हो सकेगा। इसके अलावा जबलपुर महानगर से व्हाया दमोह, हटा, पन्ना होते हुये सीधे उत्तर प्रदेश के बडे. नगरों से सीधा संपर्क हो सकेगा। सांसद ने पन्ना जिले की कुछ महात्पवूर्ण सड़कों को केन्द्रीय सड़क निधि से स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। इनमें एन.एच. 39 देवेन्द्रनगर से एन.एच. 943 सलेहा तक 23 कि.मी. रोड, एन.एच. 943 सलेहा से चैमुखनाथ भितरी मुटमुरू होते हुये सिद्धनाथ तक 15 कि.मी. रोड, अमानगंज-गुनौर-सुवंशा (कटन)-गिरवारा-सिमरी मार्ग एन.एच. 94 तक 57 कि.मी. रोड तथा बिसानी-श्यामगिरी-कल्दा-सलेहा व्हाया मेन्हा मार्ग 75 कि.मी. शामिल है। केन्द्रीय सड़क निधि के माध्यम से सड़क के विकास से प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक आस्था के स्थलों को चैडे.मार्ग के जरिए राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ा जाएगा।

## सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता





**पन्ना।**

शहर के टिकुरिया मोहल्ला महाराज सागर रोड पर सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के कर्मचारी बाबू लाल सेन के निज निवास मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा श्रीधाम चित्रकूट के ख्याति प्राप्त कथा व्यास श्री भरत जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौङकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। गुरुवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगा। ब्रजेश कुमार वर्मा, मनीष कुमार सेन ,धीरेन्द्र कुमार वर्मा, रोहित समारी हर्सल समारी ने समस्त भागवत प्रेमी बंधुओं से भागवत भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।



## पन्ना टाइगर रिजर्व की बाघिन पी- 141 का एक शावक गायब होने से हड़कंप

**लगभग 7 से 8 माह उम्र के हो चुके चार शावकों में एक शावक एक माह से गायब**

**पन्ना।**

पन्ना टाइगर रिजर्व की बाघिन पी-141 का एक शावक लापता होने से प्रबंधन में हड़कंप बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बाघिन पी-141 ने चैथी बार में चार शावको को जन्म दिया था, यह चारों शावक लगभग 7 से 8 माह उम्र के हो चुके थे और आए दिन अपनी मां के साथ चारो शावक अठखेलियां करते पर्यटकों को नजर आते रहते थे, इसके वीडियो भी आए दिन वायरल होते रहते थे, लेकिन अब बाघिन पी- 141 के साथ केवल तीन शावक दिख रहे हैं। एक शावक पिछले लगभग एक माह से लपता बताया जा रहा है। जिससे पार्क प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की के निर्देश पर शावक की खोज में अधिकारी कर्मचारियों सहित हाथियों का दल जुटा हुआ है। फील्ड डायरेक्टर के द्वारा कर्मचारियों को फटकार लगाए जाने की जानकारी भी सामने आई है। तीन हाथियों का दल पीपर टोला के घास मैदान में बाघिन पी- 141 के शावक को खोजने में जुटा है। लेकिन अभी तक शावक का कुछ पता नहीं चल सका। इस मामले में पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की का कहना है कि बाघिन अपने कमजोर बच्चे को छोड़ देती है, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है।

## 31 मार्च तक पूर्ण कराएं हितग्राहियों की ई-केवायसी समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

**पन्ना।**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों को उनके खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से समस्त हितग्राहियों की उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन के माध्यम से ई-केवायसी संबंधी कार्य बतौर विशेष अभियान गत माह से निरंतर संचालित है। शासन के निर्देशानुसार आगामी 31 मार्च तक सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कराई जाना है। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला मुख्यालय एवं जिले के सभी अनुविभाग में दुकान आवंटन अधिकारी द्वारा पीडीएस व्यवस्था से जुड़े विभागीय अधिकारी और उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं की



समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निर्धारित समयावधि में दुकान की पीओएस मशीन के माध्यम से शत प्रतिशत ई-केवायसी के निर्देश दिए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया ने बताया कि जिले में पीडीएस योजना के तहत 8 लाख 52 हजार 825 हितग्राहियो में से 5 लाख 85 हजार 910 हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण हो चुकी है। शेष लगभग 30 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी शेष है। इन हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य जिले में संचालित 431 उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। साथ ही मोहल्ले व वार्ड में सर्वे कर केवायसी से वंचित हितग्राहियों की पहचान की जाएगी और शेष पांच दिवसों में ई-केवायसी कार्य पूर्ण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा भी समस्त पात्र हितग्राहियों से अपनी खाद्यान्न पात्रता को यथावत रखने के लिए निकट की उचित मूल्य दुकान पहुंचकर आधार कार्ड और बायोमैट्रिक माध्यम से ई-केवायसी कराने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप



### एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम महदेइया में लगाया निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सिंगरौली।** 160 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया लाभ बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम महदेइया में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा (ब्लॉक-बी) तथा डॉ. बिक्सी सी. टी. (केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली) से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का निः शुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान 160 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (सीएसआर), ब्लॉक-बी सहित परियोजना से अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनसीएल समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### युवा संगम (रोजगार मेला, स्वा रोजगार एवं अप्रेन्टिशिप) का हुआ आयोजन



छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय परिसर जिला छतरपुर में युवा संगम (रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिप मेला) का आयोजन किया गया। जिसमें 216 युवक-युवतियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन कराया। युवा संगम में आमंत्रित निजी क्षेत्र में नियोजन करने वाली कम्पनी संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर द्वारा 39, आई सेक्ट छतरपुर द्वारा 17, जीएसएस आईएफएमएस प्राइवेट लि. जामनगर गुजरात द्वारा 24, क्विस कॉम्स प्रा. लि. अहमदाबाद द्वारा 4, स्किल विजन ऑर्गनाइजेशन पीथमपुर द्वारा 23, आर स्कवायर एच आर सर्विस अहमदाबाद द्वारा 9, वीकमर्शियल प्रा. लि. पीथमपुर द्वारा 3, एमआरएफ टायर प्रा. लि. भड़ौच गुजरात द्वास 12, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात द्वारा 9, रिच पर्सन सिक्योरिटी प्रा. लि. छतरपुर द्वारा 11, आम धानी प्रा. लि. महाराष्ट्र द्वारा 7, पुखराज हेल्थ केयर सागर द्वारा 8 सहित कुल 166 आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम में खादी एवं ग्रामउद्योग कार्यालय छतरपुर द्वारा पीएमईजीपी के दो प्रकरणों का राशि रूपये 70 लाख का वितरण किया गया और जिला व्यापार उद्योग केन्द्र छतरपुर द्वारा पीएमईजीपी के एक प्रकरण राशि रूपये 12.49 लाख रूपये एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तीन प्रकरणों में राशि रूपये 24.96 लाख का वितरण किया गया। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा 16 आवेदकों का चयन प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु किया गया।

**आठ साल की बच्ची की हालत नाजुक, पुलिस ने वाहन लिया कब्जे में**

# लोडर की चपेट में आए बाईक सवार दम्पत्ति, मौत



छतरपुर। जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमली चौक गांव के पास एक लोडर चालक ने बाईक सवार दम्पति को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में जहां दम्पति की मौत हो गई वहीं 8 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल है। घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे वाहन चालक को पुलिस ने जैतपुर के पास से पकड़ लिया है।

एएसपी विदिता डागर ने बताया कि किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम इमली चौक के पास टाटा 407 के चालक ने अंधी रफ्तार से वाहन चलाकर बाईक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाईक सवार रामकृपाल रजक एवं उसकी पत्नि सुमन रजक की मौत हो गई जबकि उनकी बेटी बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद मासूम बेटी को जिला अस्पताल भेजा गया। बताया जाता है कि मृतक पन्ना से टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कन्नपुर जा रहे थे। उधर घटना को अंजाम देकर वाहन चालक मौके से भाग निकला मगर पुलिस को खबर मिल जाने के कारण पुलिस ने जैतपुर के पास वाहन जब्त कर लिया।

# 6 करोड़ के फायदे का होगा नगर पालिका का बजट

### सर्वसम्मति से परिषद ने किया पास, हर वार्ड में होंगे लाखों के कार्य




छतरपुर। नगर पालिका परिषद छतरपुर की परिषदीय बैठक में नपा का आगामी बजट रखा गया। 6 करोड़ के फायदे के इस बजट को सर्वसम्मति से पास किया गया। बजट के माध्यम से नगर के सभी 40 वार्डों में लाखों के कार्य किए जाने का मसौदा तैयार किया गया है। क्षेत्रीय विधायक ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट से विकास को चार चांद लगेंगे।

जानकारी के मुताबिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने नपा की परिषदीय बैठक में 370 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। इस बजट में 363 करोड़ रूपए खर्च किए जाने का अनुमान लगाया गया है। आय और व्यय के आंकड़े को ध्यान में रखें तो यह बजट 6 करोड़ रूपए फायदे का है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि बजट में सड़क, नाली निर्माण के साथ-साथ सड़कों के चौड़ीकरण, तालाबों के सौंदर्यीकरण, महिलाओं के लिए विशेष स्थान, बच्चों को पार्क बनाने एवं फुटपाथ आदि तैयार करने का प्रावधान रखा गया है। आईएसबीटी बस स्टेण्ड के लिए 100 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव पास होते ही इस पर काम शुरू होगा। विधायक ललिता यादव ने कहा कि नगर पालिका के बजट से नगर के तमाम विकास कार्य होंगे। यह बजट स्वागत योग्य है। नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि सभी की सहमति से विकास के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। निश्चित रूप से इस बजट से शहर का विकास होगा। पार्षद शिव सिंह यादव ने कहा कि सभी वार्डों में विकास की चर्चा हुई है लेकिन यदि हर वार्ड की एक गली के अलावा अन्य गलियां भी सजाई जाएं तो और बेहतर होगा।

# चौरसिया समाज की जमीन में वन विभाग बना रहा है भवन

### समाज ने किया विरोध, एसडीएम ने रूकवाया काम

छतरपुर। फोरलेन के पास चौरसिया समाज की दो एकड़ जमीन है। समाज का दावा है कि उसके पास सारे दस्तावेज हैं। जमीन खरीदने के पहले समाज की ओर से सारे पहलुओं की जांच की गई थी। उधर वन विभाग का दावा है कि यह जमीन वनखण्ड में आती है। चौरसिया समाज को एसडीएम कोर्ट से स्टे मिलने और वनविभाग की कलेक्टर कोर्ट से अपील खारिज होने के बावजूद वनविभाग निर्माण कार्य करा रहा है। चौरसिया समाज ने इसका विरोध किया और एसडीएम को मौके पर बुलवाया। एसडीएम ने फिलहाल कार्य को दो दिन के लिए रूकवाया है साथ ही दोनों पक्षों से दस्तावेज देने के लिए कहा है। दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

चौरसिया समाज के निवर्तमान अध्यक्ष मानिक चौरसिया और हाल ही में अध्यक्ष का दायित्व संभालने वाले ब्रजेश चौरसिया ने बताया कि बंदोबस्त के पहले से जो जमीन कास्तकार की है उसी को चौरसिया समाज द्वारा खरीदा गया। विधिवत रजिस्ट्री के बाद नामांतरण और नजूल से एनओसी तथा टाउन एण्ड कंट्री से एनओसी भी ली गई है। चौरसिया समाज का कहना है कि वन विभाग जबरन उनके समाज की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहा है। यदि यह निर्माण कार्य नहीं रूका तो इसके



खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं वन विभाग के एसडीओ कार्तिक नायक ने बताया कि जिस जमीन पर विवाद किया जा रहा है वह जमीन वनखण्ड में है। राजस्व विभाग इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं कर सकता। वनभूमि दर्ज होने के कारण वनविभाग काम करा रहा है।

**इनका कहना-**

एक खसरा नंबर में चौरसिया समाज और वनविभाग का विवाद है। समाज का कहना है कि यह जमीन उनकी है। वन विभाग कहता है कि उक्त जमीन वनखण्ड में है। फिलहाल काम रूकवा दिया गया है। दोनों पक्षों से दस्तावेज मंगाए गए हैं दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

**अखिल राठौर,**
**एसडीएम, छतरपुर**

# बिल बकायादार ने विद्युत दल पर परिवार सहित किया हमला

### पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज मगर नहीं हुई गिरफ्तारी

छतरपुर।



विद्युत वितरण केंद्र लवकुश नगर में पदस्थ सहायक अभियंता अपने बल के साथ ग्राम कटहरा पहुंचे जहां लंबे समय से बिल बकाया होने के कारण बकायादार भगवानदास अहिरवार की विद्युत मोटर उस वक्त कुर्क की जब वह बिल देने से मना करने लगा। विद्युत मोटर बिजली विभाग द्वारा ले जाने की स्थिति में भगवान दास और उसके पुत्रों ने विद्युत दल पर हमला कर दिया। इस घटना की थाने में सूचना दी गई। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने जैसी भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा तो दर्ज कर लिया मगर अब तक इन आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। गैर जमानती धारा लगाए जाने के बावजूद आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने से उनके हौसले बुलंद है और वह बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को सबक सिखाने की धमकी दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक गत 21 मार्च को सहायक अभियंता केएन चतुर्वेदी ग्राम कटहरा पहुंचे। उन्होंने विद्युत बकायेदार भगवान दास अहिरवार से बकाया बिल की राशि मांगी लेकिन उसने राशि देने से इनकार कर दिया। श्री चतुर्वेदी ने अतिरिक्त तहसीलदार की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उसकी विद्युत मोटर कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की। तभी भगवानदास ने अपने पुत्रों को मौके पर बुलाया और विद्युत कर्मचारी मनोज अनुरागी की मारपीट कर दी, साथ ही सहायक अभियंता श्री चतुर्वेदी वह अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र बर्ताव करते हुए गाली गलौज की। यहां तक की कॉलर पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट लवकुश नगर थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने भगवानदास व उसके पुत्र अरविंद अहिरवार, महेंद्र अहिरवार, नीरज अहिरवार व नीलू अहिरवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 132, 115(2), 351 (2),3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। महत्वपूर्ण यह है कि सरकारी काम में बाधा डालने की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करने के बावजूद आरोपियों को पकड़ा नहीं गया। बिजली विभाग की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

# कलेक्टर ने नौगांव क्षेत्र में उपार्जन केन्द्र सहित कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रयोगशाला सहित कस्टम हायरिंग सेंटर का किया निरीक्षण

### कृषि में वैज्ञानिक दृष्टिकोंण जरूरी, नवाचार को बढ़ावा दें: कलेक्टर

### मिट्टी प्रयोगशाला में मिट्टी का समक्ष में कराया परीक्षण

### कलेक्टर ने क्रॉप कटिंग कराकर गेहूं उपज का कराया आंकलन

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को नौगांव क्षेत्र में उपार्जन केंद्र नौगांव, कृषि विज्ञान केंद्र, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला, कस्टम हायरिंग सेंटर ग्राम सिंगरावान खुर्द एवं ग्राम ददरी में फसल का निरीक्षण किया और फसल कटाई एवं गेहूं के उपज का आंकलन किया। इस दौरान एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल, तहसीलदार रंजना यादव, उपसंचालक कृषि के.के. वैद्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. वीणा पाणि श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने नौगांव नवोदय विद्यालय के पास उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करते हुए खाद्य अधिकारी, सर्वेयर से उपज की गुणवत्ता के मानकों पर कैसे जांच की जाती है, उपस्थिति में परीक्षण कराया। उन्होंने चना, मसूर, सरसों, के कितने पंजीयन हुए है एवं कितने उपार्जन केंद्र संचालित है की जानकारी ली। कलेक्टर ने एफएक्यू के मानक स्तरों के प्रचार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं एवं मॉइश्चर मीटर को जल्द



से जल्द लाकर माप कराकर गुणवत्ता के मानकों का पालन करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत कलेक्टर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव का निरीक्षण करते हुए किसानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण, फसल प्रदर्शन, नए किस्म के बीजों की जानकारी देने, प्राकृतिक खेती को बढ़ाने, ऑन फार्म टेस्टिंग करते हुए बायो कम्पोस्टिंग, बागवानी में किए गए नवाचार की जानकारी किसानों को देने के निर्देश दिए। तत्पश्चात केंद्र की प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया गया। जिसे सुचारूरूप से कार्यात्मक बनाने के निर्देश दिए एवं जैविक खेती के महत्व पर जोर डालते हुए इसमें नवाचार करने के केवीके के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे कि उन्नत खेती की जा सके। इसके बाद कलेक्टर ने केंद्र के उद्यान परिसर में लगे कटहल, नींबू, आम, करौंधा एवं अन्य पौधों की किस्मों का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों से नए बीज की किस्म हर्वीसाइड, वीडीसाइड, अरहर को राजेश्वरी किस्म की जानकारी ली। जिसमें लगाए जा रहे पौधों का पोषणयुक्त तरीके से सही देखभाल करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शहद प्रसंस्करण इकाई का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नौगांव अंतर्गत मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें मिट्टी के परीक्षण की पूरी प्रक्रिया की जांच कराई और माह में आने वाले सैंपल्स एवं उनकी परीक्षण रिपोर्ट की पंजी को जांचा एवं प्रयोगशाला में लगे कर्मचारियों और सैंपल जांच में लगने वाले समय की जानकारी भी ली।

उन्होंने सिंगरावन खुर्द में संचालित कस्टम हायरिंग केंद्र जो की अंशमन पटेल द्वारा संचालित है का निरीक्षण किया। केंद्र में मौजूद सभी मशीनों जिसमें स्ट्रॉ रीपर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, मुंगफली से दाने निकलने वाली मशीन एवं ट्रैक्टर आदि मशीनों के संचालन की स्थित को भी देखा। प्रति हैक्टेयर में एक घंटे में कितना भूसा बनाने को क्षमता एवं मिलने वाले मुनाफे को जानकारी ली। जिसमें अंशमन पटेल ने बताया कि इन मशीनों से उनके परिवार को अच्छा लाभ प्राप्त हो रहा है।

### कलेक्टर ने नर्सरी विकसित करने एवं बकरी पालन शेड निर्माण के दिए निर्देश

मऊसहानिया अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म हाउस फॉर्म हाउस का निरीक्षण किया जिसमें क्लाइमेट रिसिलियंट पौधे लगाने के निर्देश दिए एवं एक नर्सरी विकसित करने एवं बकरी पालन प्रदर्शन इकाई के लिए शेड के निर्माण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ददरी गांव में एक खेत की क्रॉप कटिंग का प्रयोग कराया। जिससे सत्यापन कराया और निकले गेहूं का वजन कराया। जिसमें लगभग 25 से 27 क्विंटल प्रति हैक्टेयर के हिसाब से उत्पादन निकलकर आया है। जिसमें यह भी बताया गया को अभी फसल सूखना अभी और बाकी है।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा मस्जिद में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिगरौली:**

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा ₹जामा मस्जिद विंध्यनगर₹ में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख ई. सत्य फ़नि कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) एवं संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत शाहिद नियाजी (मुख्य संरक्षक, मस्जिद) द्वारा रोज़े के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। इसके साथ ही सभी देशवासियों की खुशहाली के लिए दुआ की गई और एनटीपीसी परियोजना एवं विंध्यनगर के निवासियों के लिए भी दुआ की गई।इस अवसर पर दिनेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएम), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्य, कल्याणकारी संस्थान के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।रोज़ा इफ्तार के पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मस्जिद का दौरा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई. सत्य फनि कुमार ने रोज़ा इफ्तार की मुबारकबाद दी तथा आने वाली ईद की भी सभी को शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का सफल संचालन फरज़ंद हुसैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सय्यद ऐजाज अहमद, अब्दुल नदीम, मोहम्मद याहिया, नदीम खान, शाहनवाज़, विकास कुमार, मिथिलेश, शाहिद नियाजी, मानव संसाधन टीम, टीएडी टीम, अखिलेश तथा मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अंदर की अच्छाइयों को रिफ्रेश कर नई ऊर्जा देगा अल्पविरामः एसपी अगम जैन

### आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण के फीडबैक से संतुष्ट हुए पुलिस अधीक्षक

छतरपुर। आनंद विभाग के इस प्रशिक्षण से पुलिस बल को अपने अंदर की अच्छाइयों को रिफ्रेश करने तथा नई ऊर्जा के साथ काम करने की ताकत मिली है, यह निश्चित ही सराहनीय पहल है। इस शिविर के प्रतिभागियों को अपने साथी पुलिस कर्मचारियों से अगले सत्रों में सम्मिलित होने के लिए जरूर आग्रह करना चाहिए, यह उद्गार पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने नौगांव के क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र में आनंद विभाग के सीईओ आशीष कुमार द्वारा आयोजित किए गए आनंदम सहयोगी मूलभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों से फीडबैक सुनने के बाद व्यक्त किये, इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमित मेश्राम आनंद विभाग से सागर संभाग के समन्वयक लखन लाल असाटी,मास्टर ट्रेनर श्रीमती आशा असाटी, रामकेश तेकाम,नितिन बबेले एवं अजीत महतो उपस्थित थे।



तीन दिन का प्रशिक्षण लेने के बाद सहायक उप निरीक्षक श्रीमती रानी भारती,प्रधान आरक्षक प्रसन्न कुमार अहिरवार, आरक्षक यादवेंद्र यादव, महेंद्र जाटव, यशवंत पटेल ने पुलिस अधीक्षक को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां बेईमानी और ईमानदारी का अंतर समझ में आया है, रिश्तो में ईमानदारी ना होने से खुद पर बोझ दिखाई दिया है, बहुत हद तक तनाव दूर करने में मदद मिली है, खुद के अंदर झूठ चोरी और नफरत देख पाए हैं, परिवार और रिश्तो को देख पाया हूं।

### यह ट्रेनिंग नहीं साधना है

**एसपी सर से शिकायत की अब जरूरत नहीं**

प्रधान आरक्षक प्रसन्न कुमार अहिरवार ने कहा कि यह ट्रेनिंग नहीं साधना है, जिसके लिए आनंद विभाग का ऋणी हूं, वह अब क्रोध नहीं करेंगे लालच का त्याग करेंगे,परिवार में रिश्ते ठीक करूंगा, समाज में उन्नति के लिए और अधिक मेहनत करूंगा, गढ़ीमलहरा में पदस्थ एक आरक्षक ने तो यहां तक कहा कि जब उन्हें जबरिया इस ट्रेनिंग में भेजा जा रहा था तो उन्होंने तय कर लिया था कि बुधवार को ट्रेनिंग समाप्त होने के अगले दिन गुरुवार को वह छतरपुर जाकर एसपी सर से (आपसे) अपने एचसीएम की शिकायत करेंगे कि वह उन्हें कहीं ना कहीं भेज देते हैं, पर इस ट्रेनिंग के बाद अब वह अपने एचसीएम को धन्यवाद देना चाहेंगे कि उन्होंने एक नेक काम के लिए उनका चयन किया, यादवेंद्र यादव ने कहा कि उनका तो अब नजरिया ही बदल गया है।

### एसपी ने खुशहाल जीवन के लिए दिए कुछ टिप्स

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा कि हमारा जीना ठीक ठीक नहीं होने से पूरा परिवार परेशान होता है, इसलिए जरूरी है खुद का भी ध्यान रखें और परिवार का भी, अच्छा खाएं - अच्छा सोचें, अच्छे लोगों के साथ उठे बैठे और अच्छे काम करें, उन्होंने कहा कि लगातार ड्यूटी हमारी नौकरी का हिस्सा है, नौकरी की कठिनाइयों में हम आनंदपूर्वक जीने की जरूरी चीजें भूल गए हैं, शांत रहकर अपने नजरियों को बड़ा करना है, पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करना है, हमारा व्यवहार दूसरों को संतुष्ट कर सके, समस्याओं का समाधान कर सके, लखन लाल असाटी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, गुरुवार 27 मार्च से पुलिस विभाग के लिए ही आनंद विभाग का दूसरा आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ होगा, पुलिस अधीक्षक ने सभी 40 नामांकित प्रतिभागियों को इसमें सम्मिलित होने का निर्देश दिया।

# किसानों को लाभः कस्टम हायरिंग सेंटर बदल रहे हैं कृषि का भविष्य

### पिछले वर्ष 230 टैंक भूसा किया था तैयार

### कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग केंद्र का किया निरीक्षण



छतरपुर। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में कस्टम हायरिंग योजना के मिले लाभ से एक किसान की तकदीर बदल गई। कृषक अंशमान पटेल पिता इमरत लाल पटेल निवासी ग्राम सिंगरावन खुर्द वि.ख. नौगांव जिला छतरपुर के द्वारा निजी कस्टम हायरिंग योजनान्तर्गत शासकीय अनुदान पर कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित किया गया था। इनके द्वारा केन्द्र में ट्रेक्टर, रिवर्सिवल प्लाऊ, कल्टीवेटर, रोटावेटर, सीड ड्रिल, मल्टीक्रॉप थ्रेसर एवं स्ट्रारीपर, क्रय किए गए थे। श्री पटेल को कुल प्रोजेक्ट लागत 1729235 रु. का 40 प्रतिशत 613870 रू का विभाग द्वारा अनुदान प्रदान किया गया था। साथ ही एग्रीकल्चर इन्फास्ट्रक्चर फंड से प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा उनके कस्टम हायरिंग केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जहां श्री पटेल द्वारा कलेक्टर श्री जैसवाल को अवगत कराया गया कि उसके द्वारा प्रतिवर्ष 120-150 कृषकों का उन्नत कृषि यंत्रों से किराए पर कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा पिछले वर्ष स्ट्रारीपर द्वारा गेहूँ की नरवाई से 230 टैंक भूसा तैयार किया गया था। वह प्रतिवर्ष 6-7 लाख रुपये शुद्ध लाभ अर्जित कर रहे है।

**खबर संक्षेप**

## स्थानांतरित डीआईजी को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समारोह में स्थानांतरित डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में कमिश्नर बीएस जामोद तथा संभागीय अधिकारियों ने पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री पाण्डेय को सम्मानित किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री पाण्डेय जी ने 8 माह तक कमिश्नर कार्यालय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। विभागीय कार्यों में कठोरता और स्वभाव में सरलता ने आपको सबका चहेता बनाया। रीवा जोन के डीआईजी के रूप में कई बड़ी चुनौतियों का आपने सफलतापूर्वक सामना किया। प्रयागराज महाकुंभ में लगभग डेढ़ महीने तक रात दिन कठोर परिश्रम करके कुंभ तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। रीवा संभाग में तीर्थयात्रियों के लिए की गई सुविधाओं की मुख्यमंत्री जी ने प्रसंशा की। आपकी सरलता और सहृदयता सदैव याद रहेगी। समारोह में स्थानांतरित डीआईजी श्री पाण्डेय ने कहा कि मेरी शिक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हुई है। पढ़ाई के दिनों में मैं कॅरियर और जीवन के प्रति गंभीर नहीं था। लेकिन मध्यप्रदेश में पुलिस विभाग में चयन होने के बाद मेरे स्वभाव और जीवन में बहुत परिवर्तन हुआ। रीवा में मुझे चार पदों पर कार्य करने का अवसर मिला। यहाँ के लोगों की आत्मीयता और स्पष्टवादिता का मैं कायल हूँ। पुलिस विभाग के अधिकारियों का अन्य विभागों से बहुत कम संपर्क रहता है लेकिन कमिश्नर श्री जामोद के कारण मेरा लगभग सभी अधिकारियों से अच्छा संपर्क रहा। हम सबने रीवा संभाग में एक परिवार की तरह रहकर कार्य किया। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, उप संचालक जनसम्पर्क उमेश तिवारी ने अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अवनीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में मूलभूत सुविधाओं के उद्देश्य से निर्माणाधीन कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर तेजी से आगे बढ़ता हुआ शहर है। यहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता के उद्देश्य से तथा आगामी वर्षों में शहर की वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं। शहर में मीठा पानी घर-घर तथा उपलब्ध हो इस लिए पानी की 12 टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि पाइपलाइन से सभी जगह मीठे पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। उसके साथ ही सीवर लाइन का कार्य भी प्रगति में है।स्थानीय राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने रीवा वायपास के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए बिजली के खंभे विस्थापित कर कार्य के प्रगति के निर्देश दिये। उन्होंने बेला-सिलपरा रिंग रोड के कार्य को गति देते की बात कही। शहर में आईटी पार्क निर्माण तथा केन्द्रीय लाइब्रोरी भवन का कार्य को तेजी से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन भवन तथा रिवरफ्रंट के दूसरे चरण के कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण कर लेने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिये। उन्होंने व्यंकट क्लब तथा पीडब्ल्यूडी भवन के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की तथा कार्य को तेजी से करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम ने की श्यामशाह चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

**सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट तथा डॉक्टर्स क्वार्टस के निर्माण कार्यों को गति के निर्देश**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिटी विस्तार भवन, कैंसर यूनिट, तथा डॉक्टर्स क्वार्टस के निर्माण कार्य त्वरित गति से कराये तथा नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरे करें।शुक्ल ने महाविद्यालय के सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

रीवा।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, संजय गांधी चिकित्सालय को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। नवीन आवश्यक भवनों के निर्माण के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता तथा डॉक्टर्स एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के पदों की पूर्ति की जा रही है ताकि संभाग के किसी भी जिले के मरीज को इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े और सभी प्रकार के रोगों का इलाज रीवा में हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि 20 करोड़ रूपये की लागत से कैंसर यूनिट का कार्य आगामी 6 माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना के साथ ही कैंसर के इलाज के लिये 200 विस्तर का अस्पताल भी बनाया जायेगा। उन्होंने 35 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन सुपरस्पेशलिटी विस्तार भवन कार्य की जानकारी ली तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स के लिये 35 करोड़ रूपये से निर्माणाधीन पीअ8 आवासीय क्वार्टस की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में कार्य को पुनः समीक्षा करें तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाय। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों की सतत मानीटरिंग करें तथा प्रगति से अवगत करायें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के उपरांत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित डॉक्टर्स व निर्माण के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बॉक्स जिला अस्पताल में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में 100 वेड के विस्तार भवन तथा नवीन ओपीडी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने 10 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जाने वाले विस्तार भवन एवं दोनों भवनों को जोड़ने वाले कारीडोर का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने 8 करोड़ रूपये की लागत से बनाये जा रहे ओपीडी भवन को शीघ्र लोकार्पित कराने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क पर बिना परमिट के फराटे मार रही ऑटो पर यातायात पुलिस ने कसा शिकंजा



**रीवा।** शहर की यातायात व्यवस्था को खराब करने में मुख्य रोल अदा करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है, बता दे कि पुलिस ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सामाने चेकिंग अभियान चला कर आटो चालकों की जांच कर चालानी कार्रवाई की है। वही बिना परमिट और दस्तावेज सड़कों पर दौड़ रही आटो को जब्त कर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने पड़ी खाली जगह में खड़ा करवाया गया है। जिसके बाद 35 ऑटो मालिकों के खिलाफ पुलिस ने दस्तावेज नही मिलने पर कार्रवाई की है। बता दें कि रीवा शहर में इन दोनों ई रिक्शा व ऑटो की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जिसके कारण शहर के अंदर की यातायात व्यवस्था खराब हो रही है, वहीं यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पुलिस नहीं है कदम उठाया है,पूरे मामले में यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने बताया कि शहर में बिना परमिट और दस्तावेज के चल रही आटो चालकों पर कार्रवाई की जा रही है, जिन आटो के परमिट सहित दस्तावेज नहीं है, उनके दो-दो हजार रुपए के चालान काटकर समन शुल्क वसूल किया जा रहा है। मंगलवार की शाम तक डेढ़ दर्जन आटो चालक समन शुल्क जमा कर अपने आटो ले गए वहीं कई आटो अब भी कंट्रोल रूम के सामने खड़ी हुई है। लगातार समझाइस और कार्रवाई के बावजूद भी इनके द्वारा न तो परमिट लिया जा रहा न ही दस्तावेज कंप्लीट कराए जा रहे है। जिसके बाद यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यातायात थाना प्रभारी ने जिन ऑटो चालकों से परमिट और दस्तावेज मांगे गए है और परमिट और दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, उन्हे न्यायालय में पेश किया जाएगा। वही दस्तावेज मिलने पर चालानी कार्रवाई के बाद समझाइए देने के बाद कुछ ऑटो को रिलीज कर दिया गया है।

**81 की हुई मौत, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से होगा मौत का कारण साफ**

## पशु तस्करी के तहत 315 बकरा और बकरियां जब्त

**चोरहटा पुलिस ने की थी कार्रवाई**

रीवा।



रविवार रात शहर की चोरहटा पुलिस ने एक ट्रक से 315 बकरा और बकरियां जब्त कीं, जो अवैध रूप से ठूस-ठूसकर भरी हुई थीं। यह कार्रवाई अटरिया बाईपास पर की गई थी। ट्रक में सवार जानवरों के बारे में चालक और मालिक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया और ट्रक को थाने में खड़ा कर दिया। बकरा और बकरियों को रौसर स्थित एक बाड़े में भेजा गया, जहां मंगलवार को यह खबर सामने आई कि इनमें से 81 की मौत हो चुकी है। घटना के बाद व्यापारी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस की ओर से जानवरों की देखभाल में ढिलाई बरती गई, जिसके परिणामस्वरूप यह नुकसान हुआ। इस घटना को लेकर स्थानीय व्यापारी रोशन चिकवा और नीरज चिकवा ने कहा कि जब वे सुबह बाड़े पर पहुंचे, तो कई बकरा और बकरियां मृत पाई गईं। वही चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस ने रविवार रात को अटरिया बाईपास पर ट्रक को जब्त किया था, जिसमें बकरा और बकरियां ठूस-ठूसकर भरी गई थीं। यह अत्यधिक क्रूरता का उदाहरण था, जिसके बाद पुलिस ने जानवरों को रौसर के बाड़े में सुरक्षित रखा था। हालांकि, जानवरों की हालत पहले से ही खराब थी। थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पशु चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया है, और रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।बॉक्स इनको नामजद बनाया गया आरोपी ट्रक में बकरियों को बेहद क्रूर तरीके से रखा गया था। आरोपियों में ट्रक चालक रामकुमार चिकवा, राहुल चिकवा, नीरज चिकया, संदीप चिकना, मो. इजराइज, रवि चिकवा, मोहम्मद सलमान, सुजीत चिकवा को नामजद किया गया था। उक्त आरोपी नागपुर मंडी में बकरियों को बिक्री के लिए लेकर जा रहे थे।इ

**इनका कहना है**

चोरहटा पुलिस ने ट्रक में लोड बकरियों को पकड़ा गया था। बकरियों को जब्त कर एक व्यक्ति व्यक्ति की सुपुर्दगी में दिया गया था। इसमें कुछ बकरियों की मौत हो गई। मृत बकरियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच के बाद ही पूरा मामला सामने आएगा।

**अनिल सोनकर,**
**एएसपी रीवा**

## थाना अमहिया पुलिस ने की कार्यवाही, सोमवारी बाजार में लोगों को चाकू दिखाकर डराने वाला आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की सोमवारी बाजार में एक व्यक्ति हाथ मे चाकू लिये है जो चाकू दिखाकर आने जाने वालो को डरा रहा है सूचना पर प्रधान आरक्षक 873 मकरध्वज तिवारी एवं आरक्षक धर्मेंद्र पटेल को तलब कर हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान सोमवारी बाजार पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति हाथ में चाकू लेकर लहरा रहा था तथा आने जाने वालो को चाकू दिखाकर डरा रहा था जिस पर उक्त व्यक्ति को हमराही स्टाफ एवं गवाहानो की मदद से घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर उसका नाम पता पूछा जो अपना नाम मोहम्मद शहजाद मंसूरी पिता रज्जाक मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे थाना अमहिया रीवा का होना बताया। उक्त कृत्य पृथम दृष्टया अपराध धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उपरोक्त आऱोपी को गिफ्तार किया आरोपी के विरूद्ध थाना अमहिया पर अपराध क्र0 80/25 धारा 25(बी)आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवम आरोपी को न्यायालय मे पेश किया गया।मुख्य भमिका थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल, आर0 515 श्यामलाल पाठक, प्र0आर0 873 मकरध्वज तिवारी आर0 577 पीयूष मिश्रा, आर0 विकास तिवारी,आर0 विवेक सिंह आर0 520 विक्रम वर्मा,आर0 धर्मेंद्र पटेल की मुख्य भूमिका रही

## शिक्षा व्यवस्था तथा जल संरक्षण में जन भागीदारी सुनिश्चित करें

**शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं पर विशेष ध्यान दें - कमिश्नर**

**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी शामिल रहे। कमिश्नर ने कहा कि नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। सभी स्कूलों में एक अप्रैल को प्रवेशोत्सव मनाकर शाला जाने योग्य सभी बच्चों का शाला में प्रवेश कराएं। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए जन सहयोग प्राप्त करें। शालाओं में पाठ्य पुस्तक का शत-प्रतिशत वितरण 31 मार्च तक कराएं। सभी जिलों में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया है। इसमें अमृत सरोवर निर्माण, खेत तालाब निर्माण, पुरानी जल संरचनाओं के सुधार तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य कराएं। इसकी तीन माह की कार्ययोजना बनाकर इसमें शामिल कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करें। शिक्षा





व्यवस्था में सुधार तथा जल संरक्षण के कार्यों में जन भागीदारी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं करें। पंजीकृत किसानों का दो दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। गेंहू उपार्जन के लिए स्लॉट बुक करने की सुविधा तत्काल शुरू करें। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उचित मूल्य दुकानों को समय पर खाद्यान्न का आवंटन जारी करके खाद्यान्न की आपूर्ति करें। आवंटित खाद्यान्न का 30 मार्च तक शत-प्रतिशत वितरण कराएं। राशन कार्डधारियों के ई केवाईसी अपडेशन की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी जिले 31 मार्च तक शत-प्रतिशत ई केवाईसी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज दो साल से अधिक के सभी राजस्व प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। सीमांकन, बंटवारा तथा नामांतरण राजस्व अधिकारियों का मूल कार्य है। इस पर विशेष ध्यान दें। सीधी और मऊगंज जिले राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रैंकिंग में बहुत नीचे हैं। नामांतरण और बंटवारा के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। साइबर तहसील राजस्व प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए है। इसमें पटवारी प्रतिवेदन के लिए 10 दिन की समय सीमा है। इसका पालन न करने वाले पटवारियों पर कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी करें। अभियान चलाकर खराब हैण्डपंपों का सुधार कराएं। आवश्यक होने पर सिंगल फेज मोटर हैण्डपंप में लगाकर पानी की आपूर्ति कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयासों की समीक्षा करें। कम पोषित बच्चों को औद्योगिक संस्थानों, समाजसेवियों एवं आमजनता के सहयोग से अतिरिक्त पोषण आहार वितरित कराएं। इसी तरह क्षय नियंत्रण अभियान के तहत चिन्हित क्षय रोगियों को निक्षय मित्र बनाकर 6 माह के लिए फूड बास्केट का वितरण कराएं। सिकल सेल एनीमिया के चिन्हांकन के लिए लगातार जाँच शिविर आयोजित करें। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में गेंहू उपार्जन की तैयारियाँ पूरी हो गई हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज तथा मैहर जिले के कलेक्टर्स ने निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न





मऊगंज

जिले के हनुमना नगर के शिवप्रसाद मैरिज गार्डन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिला अधिकारी प्रवेश मिश्रा एवं परियोजना अधिकारी सविता श्याम परस्ते, अल्पविराम राम रतन मिश्रा के मौजूदगी में आयोजन राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर संगीता श्रीवास्तव माया सोनी ज्योति बड़ी अंजू त्रिपाठी प्रभा नामदेव पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 243 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग लिय।प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचेतना कार्यक्रम के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के बौद्धिक विकास और गतिविधियों का आयोजन करना है। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए नई तकनीकों और तरीकों की जानकारी दी गई।यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग हनुमना परियोजना के अंतर्गत, ₹पोषण भी पढ़ाई भी₹ के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की देखभाल के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रवेश मिश्रा और परियोजना अधिकारी सविता श्याम परस्ते एवं बृजेश कुमार मिश्रा विकासखंड समन्वयक की उपस्थिति में दिया गया है। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने में नवदुर्गा समूह द्वारा भारी सहयोग रहा।

## जमीनी विवाद में एक की मौत अन्य घायल

**पीड़ित परिवार द्वारा आर्थिक सहायता की मांग**

मऊगंज

साहू परिवार मे मंगलवार शाम को खूनी वारदात हुई है। यह गम्भीर वारदात मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिछरहटा के दुअरा गांव में जमीनी विवाद में साहू परिवार ने बाबूलाल साहू पिता लक्षिमन साहू उम्र लगभग 45 वर्ष के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हुए और घायलों को उपचार हेतु सिविल अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज जारी है। *तीन आरोपी गिरफ्तार* वहीं घटना के बाद पुलिस ने आरोपी



डमरू साहू ,हिरन साहू,डमरू की पत्नी उर्मिला साहू तीन को हिरासत में ले लिया है।बुधवार को सुबह पुलिस ने मृतक के शव का परीक्षण कराने के उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।*आर्थिक सहायता की मांग* इस दौरान मृतक बाबूलाल साहू का भतीजा राज साहू ने मीडिया से बताया कि मृतक की बृद्ध मां के साथ 05 बेटियां और एक बेटा है परिवार में कोई कमाऊ व्यक्ति नही है जिससे इस परिवार के जीवकोपार्जन का कोई सहारा नही रह गया है ऐसे में मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की दरकार है शासन प्रशासन से पीड़ति परिवार के मदद की गुहार लगाई है।